

# अवैध संबंध के शक ने ली मासूम की जान

## महिला आरोपी गिरफ्तार, गढ़वा पुलिस ने अंधी हत्या गुत्थी का किया खुलासा, नेवारी गांव का मामला

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 मार्च। गढ़वा थाना क्षेत्र के ग्राम नेवारी के एक खेत में 23 फरवरी को एक 8 साल मासूम बालिका का शव तलाश के बाद मिला था। पुलिस ने गहन जांच पड़ताल शुरू किया, पीएम रिपोर्ट आने पर हत्या की पुष्टि हुई और पुलिस ने इस अंधीहत्या की गुत्थी को सुलझाने का दावा करते हुये आरोपी महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। हत्या की वजह अवैध संबंध के शक में की गई थी।**

घटना के संबंध में गढ़वा थाना टीआई विद्या वारिधि तिवारी ने बताया कि 22 फरवरी की सुबह करीब 9 बजे एक 8 वर्षीय लड़की मोना (परिवर्तित नाम) ग्राम नेवारी से गायब हो गई थी। तलाश के बाद दूसरे दिन



अपहृता लड़की का शव फरियादी के घर के समीप गेहूँ के फसल से बरामद हुआ था। जिसका पोस्टमार्टम चितरंगी में चिकित्सको के द्वारा की गई थी, लेकिन मृतिका बालिका के परिजन इस पीएम रिपोर्ट से संतुष्ट नजर नही आ रहे थे, इसके बाद शव का पुन: पोस्टमार्टम के लिए संजय गांधी मेडिकल कॉलेज रीवा से कराया गया, मेडिकल रिपोर्ट में मोना की मौत की वजह मुँह एवं गला दबाकर दम घुटने से होना पाया गया। इसके बाद पुलिस ने बीएनएस की धारा 103(1) बढ़ाया जाकर भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर आरोपियों का पता साजी में जुट गई। इस दौरान पुलिस की शक की सुई आरोपिया रानी देवी पनिका पति बाबूलाल पनिका उम्र 28 वर्ष निवासी नेवारी तरफ गई। पुलिस ने आरोपिया को हिरासत में लेकर पूछतांछ की जाने लगी, जहां पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपिया को इस बात का शक था कि मृतिका मोना की माँ के साथ उसका अवैध संबंध है। उसका संबंध और गहरा गया था कि मोना उसके पति की ही बच्ची है। टीआई के अनुसार 22 फरवरी को सुबह 9 बजे मोना को अकेले में पाकर अपने घर के अंदर ले जाकर बिस्तर पर लिटाते हुये मुँह एवं गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक विद्या वारिधि तिवारी, एसआई बीपी कोल, मनोज सिंह चौहान समेत अन्य पुलिस कर्मियों का योगदान सराहनीय रहा।

### सुनियोजित तरीके से दिया था घटना को अंजाम

यहां बताते चले कि आरोपी महिला ने मासूम बालिका की निर्मम हत्या सुनियोजित तरीके से करते हुये शव को गेहूँ के खेत में फेंक दी थी, ताकि किसी को शक न हो। यहां तक कि मृतिका के शरीर में बिन्दी व सिन्दूर के निशान भी मिले थे। तब स्थानीय लोगों का शक नरबलि पर घुमी थी। किंतु पुलिस के जांच पड़ताल के बाद आरोपी महिला का षड्यंत्र बेनकाब हो गया। पुलिस ने पाया कि बालिका की हत्या नरबलि के रूप में नही, बल्कि मृतिका की माँ के साथ अवैध संबंध के शक पर हत्या की थी। बताया जाता है कि पुलिस घटना के सूचना के बाद से ही मान रही थी कि बच्ची की किसी ने हत्या की है। पुलिस पीएम रिपोर्ट के इंतजार में थी और जैसे ही रीवा मेडिकल कॉलेज से पीएम रिपोर्ट आया, पुलिस का शक सही निकला।

### पानी टैंकर की चपेट में आने से बालिका गंभीर

कोतवाली क्षेत्र बैढ़न के ग्राम हिर्रवाह वार्ड क्रमांक 43 सेटेलाइट स्कूल कन्वेयर बेल्ट के पास एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। पीसीसी रोड पर पानी से तराई कर रहे पानी टैंकर की चपेट में आकर खेल रही करीब 4 वर्षीय मासूम बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे में बच्ची के पैर में गंभीर चोट आई हैं, जिसे डॉक्टरों ने फ्रैक्चर बताया है। घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों की मदद से घायल बच्ची को तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर भेजा गया, जहां उसका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में भारी वाहनों की लगातार आवाजाही बनी रहती है, जिससे आए दिन दुर्घटना का खतरा बना रहता है।



# ऊर्जाधानी के हिस्सों में होलिका दहन आज

## बुधवार को मनाया जाएगा होली का त्योहार

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 मार्च। जिले के अधिकांश हिस्सों में होलिका दहन कल दिन मंगलवार को किया जाएगा। वहीं आज दिन सोमवार को भी जगह-जगह होलिका दहन किया गया है। रंगों का महापर्व होली महोत्सव 4 मार्च को मनाई जाएगी।**

गौरतलब है कि आज दिन सोमवार को ऊर्जाधानी के कई हिस्सों में होलिका दहन किया गया। वहीं कल दिन मंगलवार को चन्द्र ग्रहण समाप्ति के बाद होलिका दहन किया जाएगा। हालांकि चन्द्रग्रहण सूतक के चलते होलिका दहन आज दिन सोमवार को ही किया गया। जबकि होलिकोत्सव, रंगोत्सव, फगुआ, बसतोंत्सव 4 मार्च दिन बुधवार को मनाया जाएगा। होली पर्व को लेकर शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में चहल-पहल बढ़ गई है। रंग-गुलाल एवं पिचकारियों से दुकाने सजी हुई हैं।

# सुरक्षा कार्य संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है : आरपी

नवभारत न्यूज

**अनपरा 2 मार्च। हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेनुसागर सुरक्षा विभाग के तत्वाधान में सेंट्रल लाईब्रेरी प्रांगण में सुरक्षा बढ़ाने के लिए लोगों को शामिल करना, शिक्षित करना और सशक्त बनाना, थीम पर 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा माह अभियान का शुभारंभ मुख्य अतिथि हिंडालको रेनुसागर के यूनिट हेड आरपी सिंह ने किया।**




विश्वकर्मा भगवान जी की विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर सुरक्षा ध्वज को यूनिट हेड द्वारा फहरा गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुये यूनिट प्रमुख, विभागाध्यक्षों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं संविदाकर्मियों ने सामूहिक रूप से सुरक्षा शपथ ली और यह संकल्प दोहराया कि प्रत्येक कार्य सुरक्षित ढंग से, निर्धारित मानकों एवं प्रक्रियाओं के अनुरूप किया जाएगा। सुरक्षा सपथ दिलाई गई। ताकि कार्यस्थल पर शून्य दुर्घटना लक्ष्य को साकार करना रहा। इस अवसर पर यूनिट हेड आरपी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सुरक्षा केवल नियमों का पालन भर नहीं, बल्कि कार्य संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है।

# जाम के झाम में बैढ़न का तुलसी मार्ग, आवागमन पर लगता है ब्रेक

## सोमवार की दोपहर से लेकर शाम तक जाम से परेशान रहे वाहन चालक, रोजाना का यही हाल

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 मार्च। जिला मुख्यालय बैढ़न के तुलसी मार्ग में रोजाना हर पर जाम लगना आम बात हो जा रही है और आज दिन सोमवार की दोपहर के वक्त इसी तरह का नजारा भी तुलसी मार्ग में दिखा है, जहां वाहन चालक काफी देर तक जाम के झाम से परेशान रहे। हालांकि इस दौरान यातायात कर्मी एवं कोतवाली पुलिस भी नजर नही आई।**



दरअसल होली त्यौहार को लेकर आज सोमवार को बैढ़न समेत अधिकांश बाजारो में ग्राहको की भारी चहल-पहल थी। रंग-गुलाल एवं मिठाई दुकानों में ग्राहको की भीड़ उमड़ी हुई थी। बैढ़न के काली मंदिर मार्ग के अलावा तुलसी मार्ग में ग्राहको की भीड़ इस कदर उमड़ी थी कि वाहन भी जाम के झाम में फंस रहे थे। जिसके चलते आवागमन भी प्रभावित हो रहा था। आलम यह था कि तुलसी मार्ग में अनियंत्रित रूप से फोर व्हीलर वाहनों को खड़ा किये जाने के कारण जाम लग रहा था। वहीं तुलसी मार्ग के कई दुकानदारों का आरोप है कि दुकानों के सामने फोर व्हीलर कार समेत अन्य वाहनों के खड़ा कर देने से जाम लग रहे थे। इस दौरान पुलिस कर्मी दूर-दूर तक नजर नही आ रहे थे। जबकि रंगोत्सव त्यौहार को लेकर भीड़भाड़ के मद्देनजर पुलिस को सुबह 10 बजे से लेकर रात 10 बजे तक तैनात रहना चाहिए और बड़े वाहनों को इस मार्ग में आने-जाने से रोकना-टोकना चाहिए था। कहीं न कहीं पुलिस की लापरवाही सामने आई है। यहां के व्यापारियों ने यह भी बताया कि इस मार्ग में जाम लगना आम बता हो चुकी है। व्यवस्थित यातायात की दरकार है। पुलिस अधिकारी भले ही यह दावा करते हैं कि यातायात व्यवस्था सुदृढ़ हो रही है, परंतु यह सब कुछ कागजों तक ही सीमित है। बैढ़न शहर की यातायात व्यवस्था कितनी सुगम व व्यवस्थित है, यह बात किसी से छुपी नही है। व्यापारियों ने इस ओर कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराया है।





